एक नजर में

इंदौर में डीएचएल ग्रुप के आईटी सर्विस सेंटर का शुभारंभ

इंदौर . डीएचएल ग्रुप ने इंदौर में अपने नए डीएचएल आईटी सर्विसेज (आईटीएस) सेंटर के शुभारंभ की घोषणा की. बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और मुंबई में अपनी दमदार मौजूदगी को और बेहतर बनाते हुए, देश में पाँचवें डीएचएल आईटीएस सेंटर की इंदौर में शुरुआत की गई है, जो टेक्नोलॉजी ट्रेनिंग एकेडमी भी है. डीएचएल आईटी सर्विसेज़, डीएचएल ग्रुप का ही एक हिस्सा है जो दुनिया की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक्स कंपनी का डिजिटल आधार है. इस मौके पर डीएचएल ग्रुप की एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट एवं आईटी सर्विसेज की ग्लोबल हेड, सुप्रिया राव पटवर्धन ने कहा डिजिटाइजेशन हमारी स्ट्रेटजी 2030 को सही राह दिखाने वाले पाँच मेगाट्रेंड्स में से एक है, और हमारे कारोबार का डिजिटल बैकबोन बनाने में भारत की भूमिका सबसे अहम है. भारत में होनहार लोगों की बड़ी संख्या में मौजूदगी और स्किल डेवलपमेंट पर सरकार के मजबूत फोकस की वजह से, हमें ऐसे ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और एडवांस्ड डिजिटल सॉल्यूशंस प्रदान करने में मदद मिल रही है, जो प्रोडक्टिविटी को बढ़ाने के साथ-साथ हमारे ग्राहकों के अनुभव को बेमिसाल बनाते हैं.

अनंत चतुर्दशी समारोह का आयोजन

इंदौर . गुमास्ता नगर स्थित वैष्णव कॉलेज ऑफ़ आर्ट्स एंड कॉमर्स में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर बड़े हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ श्री गणेश का विसर्जन किया गया. इस अवसर पर प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. महाविद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और भक्ति के रंगों से सराबोर रहा. सभी छात्र-छात्राएँ भारतीय सांस्कृतिक वेशभूषा में सजे हुए नजर आए. प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी ने सार्वजनिक गणेशोत्सव के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक पर्व समाज को एकजुट करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम बनते हैं. उन्होंने बप्पा से संसार के सभी विघ्नों को दूर करने की प्रार्थना की. प्राध्यापिका डॉ. वंदना मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष आयोजित माटी गणेश निर्माण कार्यशाला की विशेषता यह रही कि प्रत्येक मूर्ति में पौधों के बीज मिश्रित किए गए, जिससे विसर्जन के बाद भी गणेश प्रकृति रूप में हमारे साथ बने रहेंगे. उन्होंने यह भी बताया कि इस बार ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर गणेश जी की स्थापना की गई थी. कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. राकेश उपाध्याय ने किया. महा आरती एवं छप्पन भोग के पश्चात गणेश जी का विसर्जन किया गया. समस्त समिति समन्वयक प्रो विभोर ऐरन ने बप्पा से अगले वर्ष शीघ्र पुन: आगमन की सामूहिक प्रार्थना की. इस अवसर पर 300 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे.

भगवान वासु पूज्य स्वामी को अर्पित किए निर्वाण लाडू

इंदौर. दिगंबर जैन समाज के दस लक्षण धर्म के अंतिम दिन शनिवार को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के अवसर पर कांच मंदिर इतवारिया बाजार से दोपहर बेंड बाजों के साथ शोभायात्रा निकली. महिलाएं केसरिया परिधान में सिर पर कलश लेकर चल रही थी. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन एवं महामंत्री सुशील पांड्या ने बताया कि यात्रा मल्हारगंज, गोरा कुंड, खजूरी बाजार, राजवाड़ा होते हुए पुन-कांच मंदिर पहुंची। यहां शांतिनाथ भगवान के अभिषेक हुए. समाज के अध्यक्ष श्री राजकुमार पाटोदी ने बताया कि आज शहर के सभी मंदिरों में प्रात: अभिषेक, शांति धारा के बाद वासु पूज्य भगवान की विशेष पूजा की गई एवं निर्वाण लाडू अर्पित किए गए। शाम को सामायिक के बाद आरती हुई. शोभायात्रा के अवसर पर समाज श्रेष्ठी पुष्पा कासलीवाल, कमलेश कासलीवाल (इंद्र भवन), मनोहर झांझरी ,अमित कासलीवाल, राजेंद्र सोनी, प्रदीप चौधरी, देवेंद्र सोगानी, कमल काला, रितेश पाटनी सतीश जैन, ऋषभ पाटनी, मनीष गंगवाल, कमल काला, संजय पापड़ीवाल, सनत गंगवाल, संदीप पहाड़िया सहित बहुत अधिक संख्या में समाज जन उपस्थित थे.

कृति कुकिंग आयल का नया कैंपेन व पैकेजिंग

इंदौर . कृति न्यूट्रिएंट्स द्वारा उत्पादित कृति कुकिंग आयल ने अपना नया ब्रांड कैंपेन और पैकेजिंग लॉन्च किया. यह कैंपेन ब्रांड की मुख्य सोच क्वालिटी भी, किफायती भी पर आधारित है, जो प्रत्येक भारतीय परिवार की मूलभूत आवश्यकता है. नए कैंपेन की थीम क्वालिटी और किफ़ायत इस सोच को परिभाषित करता है कि किफ़ायत का मतलब सस्ता नहीं, बल्कि वैल्यू-फॉर-मनी यानी स्मार्ट और सही चयन है. प्रेस से चर्चा में कृति न्यूट्रिएंट्स लिमिटेड के सीईओ प्रफुल अंचलिया ने कहा पिछले तीन दशकों से कृति कुकिंग आयल भारतीय रसोई का हिस्सा रहा है. हमारा नया कैंपेन हल्के-फुल्के हास्य पर आधारित है, जिसके जरिए हम यह संदेश दे रहे हैं कि कृति कुकिंग आयल का चुनाव करने पर ग्राहकों को क्वालिटी और किफ़ायत दोनों एक साथ मिलते हैं. हमने तीन मनोरंजक फिल्में बनाई हैं जो अलग-अलग उपभोक्ता समूहों- पारंपरिक परिवारों, आधुनिक शहरी परिवारों और युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं.

युवा की माय बाप्पा वर्कशॉप

इन्दौर . गणेश चतुर्थी जैसे शुभ अवसर के उपलक्ष्य में, नवनीत एज्युकेशन लिमिटेड के स्टेशनरी ब्रांड यूवा ने देशभर के 80 से अधिक स्कूलों के साथ मिलकर छात्रों का पसंदीदा 'माय बाप्पा वर्कशॉप' आयोजित किया. इस पहल के तहत छात्रों ने यूवा स्टेशनरी द्वारा विशेष रूप से तैयार की गई किट्स की मदद से परंपरा और संस्कृति को रचनात्मकता के साथ जोड़ते हुए गणेश उत्सव की भावना को दर्शाती हुई अनोखी कलाकृतियाँ बनाई. इस वर्ष यह पहल महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक समेत देशभर के 80 से अधिक स्कूलों तक पहुँची और छात्रों में त्योहार की खुशी बाँटी. इन्दौर क्षेत्र में यूवा ने श्री अग्रसेन विद्यालय, इनोवेटिव इंटरनेशनल स्कूल, संमति हायर सेकंडरी स्कूल, विद्यांजली इंटरनेशनल स्कूल, पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1, श्री नीमा विद्या निकेतन में कार्यक्रम आयोजित किए. यूवा स्टेशनरी के चीफ़ स्ट्रैटेजी ऑफिसर अभिजीत सान्याल ने कहा यूवा में हमारा मानना है कि त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि सीखने, आनंद और एकजुटता के अवसर होते हैं। 'माय बाप्पा' उत्सव के ज़रिए हम बच्चों को रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और हमारी सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ने की प्रेरणा और साधन देने का प्रयास करते हैं। बच्चों का उत्साह और उनकी कलात्मक प्रतिभा देखकर यह एहसास और भी गहरा हुआ है कि हम जो कर रहे हैं, वह क्यों महत्वपूर्ण है.

रग उत्सव 2025 बाय जयपुर रग्स

इंदौर . वैश्विक स्तर पर शिल्प और सामाजिक उद्यमिता का प्रतीक बन चुका जयपुर रग्स अपने रग उत्सव को लेकर आ रहा है, यह क्रिएटिविटी, कल्चर और इम्पैक्ट का भव्य उत्सव है, जिसकी शुरुआत 3 सितम्बर से हो रही है. इस साल का एडिशन अब तक के सभी आयोजनों से अलग है, जिसमें 14,000 से अधिक हैंडमेड रग्स का अद्भुत संग्रह शामिल है, जो भारत की बुनाई परंपराओं की आत्मा को आज की डिज़ाइन के साथ खूबसूरती से जोड़ता है. इस वर्ष का क्यूरेशन आलम, जेनेसिस, सवाना, कॉन्कॉवशन, दा हास, वुंडरकैमर, कलीएडो, क्लैन, बेसिस, लाकुना, एर्बे, इंडसबार, नोमैडिक थ्रेड्स, अकार, और कॉन्टूर जैसी सिग्नेचर कलेक्शंस को प्रस्तुत करता है. फेस्टिवल की सबसे खास झलक है अवॉर्ड-विनिंग मनचाहा कलेक्शन के करीब 200 अनोखे रग्स जो सीधे ग्रामीण कारीगरों की कल्पनाओं से बुने गए हैं और हर एक रग एक व्यक्तिगत और गहरी कहानी कहता है. जयपुर रग्स के डायरेक्टर योगेश चौधरी ने कहा रग उत्सव केवल डिज़ाइन शोकेस नहीं है, यह गरिमा, विरासत और उद्देश्य की बात है। इन शानदार कृतियों को बेहतरीन कीमतों पर पेश करके हम न केवल कला को दुनिया भर के घरों तक पहुँचा रहे हैं, बल्कि उन कारीगरों को भी सीधे सहारा दे रहे हैं जो इन्हें बनाते हैं.



हर्षोल्लास के साथ गणेश जी को किया विदा, प्रतिमाओं का किया विसर्जन

इंदौर. दस दिवसीय गणेशोत्सव का शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर समापन हो गया. लोगों ने पूजन-अर्चन कर गणेश जी को नम आंखों के साथ विदा किया. साथ ही उनसे सुख-समृद्धि के साथ अगले बरस जल्दी आने की प्रार्थना की.

शहर के बाहर कई स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया. साथ ही विभिन्न वार्डों में बनाए गए कुंडों में भी प्रतिमा विसर्जित की. इन्हीं स्थानों पर प्रतिमाएं एकत्रित भी की गई. जिला प्रशासन ने नागरिकों से अनुरोध किया कि प्रतिमाओं का विसर्जन केवल निर्धारित घाटों और स्थल पर ही किया जाए. निगम ने प्रतिमा विसर्जन और एकत्रीकरण के लिए पर्यावरण हितैषी कुंड बनाए हैं. राऊ तहसील के ग्राम कलारिया स्थित गंभीर नदी में किसी भी प्रकार का विसर्जन पूरी तरह से प्रतिबंधित है.

जवाहर टेकरी पर कल होगा विधि विधान से विसर्जन

इंदौर . महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा धार रोड जवाहर टेकरी स्थित गिटटी खदान में शहर के विभिन्न स्थानों से एकत्रित श्री गणेश प्रतिमा का विधि विधान से 7 सितंबर को प्रात: 10 बजे विसर्जन होगा. सामान्य प्रशासन प्रभारी एवं श्री गणेश उत्सव समिति अध्यक्ष नंदकिशोर पहाड़िया ने बताया कि 105 से अधिक स्थान पर श्री गणेश प्रतिमा का एकत्रीकरण होगा.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों से निगम द्वारा एकत्रित श्री गणेश प्रतिमाओं का धार रोड जवाहर टेकरी गिटटी खदान में वर्षाकाल के दौरान एकत्रित वर्षाजल में विधि-विधान से 7 सितंबर प्रात: 10 बजे ससम्मान विसर्जन किया जाएगा. विधि विधान से नई तकनीक से ससम्मान गणेश प्रतिमा का विसर्जन होगा. निगम वर्कशॉप में बनी हायड्रोलिक प्लेटफार्म में प्रतिमाऐं रखकर विसर्जित की जाएंगी.

विशेष ड्रोन से की झांकी मार्ग पर निगरानी

भीड़ नियंत्रण में इंदौर पुलिस का नवाचार

प्रदेश में पहला ड्रोन जो 120 मीटर ऊपर से भी कर सकेगा अनाउंस

नवभारत न्यूज

इंदौर. प्रदेश में पहली बार भीड़ नियंत्रण के लिए एक विशेष ड्रोन कैमरे की मदद ली गई. अनंत चतुर्दशी में भीड़ नियंत्रण व निगरानी के लिए इंदौर पुलिस इसका उपयोग किया.

इस ड्रोन की विशेषता यह है कि इसमें पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम भी इनबिल्ट है. जो जमीन से 120 मीटर ऊपर से भी अनाउंस कर सकता है. साथ ही 2 से 5 किमी.की रेंज तक इसका कैमरा प्रभावी निगरानी योग्य है. यह ड्रोन लगातार 40 मिनट तक उड़ान भर सकता है. इसके अलावा यह ज़ूम कैमरा और सर्च लाइट युक्त है. कलेक्टर आशीष सिंह और अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने इस विशेष ड्रोन का झांकिया निकलने से पूर्व कृष्णपुरा छत्री स्थल पर परीक्षण किया. इस विशेष ड्रोन को ड्रोन स्टार्क के नाम से भी जाना जाता है.